अमर उजाला
चैत्र नवरात्र...मां सिद्धिदात्री ...पेज 2
बरेली | बुधवार, 17 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल-नवमी • विक्रम संवत

PAGE NO : 09 BOTTOM

मिशन एकेडमी और विद्या वर्ल्ड की टीम फाइनल में

बरेली। श्री राममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें पहला मैच मिशन एकेडमी ने और दूसरा मैच विद्या वर्ल्ड ने जीता।

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित क्रिकेट स्टेडियम में पहला सेमीफाइनल सेंट फ्रांसिस कान्वेंट और मिशन एकेडमी के बीच खेला गया। बल्लेबाजी करने उतरी मिशन की टीम ने 20 ओवर में 258 रन बनाए। जवाब में सेंट फ्रांसिस की टीम 17 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गई।

मिशन एकेडमी के कप्तान असद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला डीपीएस और विद्या वर्ल्ड के बीच हुआ। इसमें विद्या वर्ल्ड ने तीन विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाए। डीपीएस के खिलाड़ियों को 12.5 ओवर में 43 रन पर हार का सामना करना पड़ा। संवाद